Nai Dunia (Indore), 05th April 2022, Page – 06

# इंदौर के ब्रजेश ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

इंदौर। बांग्लादेश में हुए चार देशों के दिव्यांग क्रिकेटरों के टूर्नामेंट में भारतीय टीम उपविजेता बनी। टीम में इंदौर आइआइटी में पदस्थ ब्रजेश द्विवेदी भी शामिल थे। टूर्नामेंट में बांग्लादेश, भारत, नेपाल और श्रीलंका की टीमें भी शामिल थीं। ब्रजेश को नेपाल के खिलाफ मैच में मौका मिला, जिसमें वे जल्द आउट हो गए थे। फाइनल में भारत को बांग्लादेश ने नौ विकेट से हराया।



ब्रजेश द्विवेदी